प्रेस विज्ञप्ति

चित्तरंजन रेल इंजन कारखाना

चिरेका मे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 156वीं बैठक : हिंदी में प्रशंसनीय कार्य हेतु पांच चिरेकाकर्मी पुरस्कृत

चित्तरंजन,26 .06 .2024: श्री हितेंद्र मल्होत्रा, महाप्रबंधक चिरेका की अध्यक्षता में आज 26 जून 2024 को चिरेका राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 156वीं बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर महाकवि,संत और समाज सुधारक कबीर दास की स्मृति में उनकी जयंती मनाई गई। महाप्रबंधक महोदय सहित प्रमुख विभाग के अध्यक्ष, वरीय अधिकारी ने कबीर दास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस बैठक में मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री हामिद अख्तर सहित प्रमुख विभागों के अध्यक्ष और राजभाषा विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित थे। इस दौरान महाप्रबंधक महोदय के कर कमलों के द्वारा गृह पत्रिका अजय धारा के नए अंक का विमोचन किया गया। बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी डॉ.मधुसूदन दत्त ने किया। इस मौके पर राजभाषा में प्रशंसनीय कार्य हेतु श्री संजय कुमार, वरिष्ठ लिपिक सह टंकक/अभिकल्प और विकास केंद्र कार्यालय,अरबिंद कुमार सिंह,कनिष्ठ आशुलिपिक/ लेखा विभाग,डॉ.चंद्रशेखर दत्त,स्नातकोत्तर शिक्षक एवं श्री अभिषेक चौधरी,वरिष्ठ लिपिक/चिकित्सा विभाग और श्री संजीव कुमार सिंह,कनिष्ठ लिपिक सह टंकक/ जन संपर्क विभाग को महाप्रबंधक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। भुसावल में आयोजित अखिल भारतीय रेल हिंदी वाक प्रतियोगिता 2023 में चिरेका की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले श्री कल्याण मुखर्जी, कनिष्ठ लिपिक/ उप महाप्रबंधक कार्यालय को प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें बैठक के दौरान माननीय द्वारा बधाई दी गई। बैठक में निर्धारित मानक कार्य सूची पर विचार विमर्श किए गए।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री मल्होत्रा ने अपने अभिभाषण में कहा कि हिंदी भाषा अपने में अनेकों विशेषताएं समाहित किए हुए हैं। आज देश में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहां पर हिंदी को बोला व समझ ना जाता हो। रेलवे के प्रत्येक क्षेत्र में भी हिंदी प्रमुख भूमिका निभा रही है। यह रेलवे को जन सामान्य से जोड़ती है और रेल की प्रगति में अत्यंत सहायक है।

उन्होंने यह भी आग्रह है कि हिंदी का कार्य करते समय हिंदी के सरल और प्रचलित शब्दों का प्रयोग करें.